सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–93
25/01/2026

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना 25 जनवरी, 2026 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सभी सेनानियों और शहीदों को नमन किया और कहा कि उनके योगदान को देश सदैव याद रखेगा।

उन्होंने कहा है कि भारत एक गौरवशाली सम्प्रभुतासम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में विकास के पथ पर सतत आगे बढ़ रहा है। हमारा दायित्व है कि हम संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करें और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए इसकी प्रगति में अपना महत्तम योगदान दें।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि बिहार भाईचारा, प्रेम और पारस्परिक सहयोग के वातावरण में न्याय के साथ विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ता रहेगा।

....